

## दाता एक राम .......

दाता एक राम, भिखारी सारी दुनिया – 2
राम एक देवता, भिखारी सारी दुनिया – 2
द्वार पे उसके जाके, कोई भी पुकारता
परम कृपा दे अपनी, भव से उबारता
ऐसे दीनानाथ पे बलिहारी, सारी दुनिया ।।
दाता एक राम ...
दो दिन का जीवन प्राणी, करले विचार तू
प्यारे प्रभु को अपने मन में निहार तू
बिना हरि नाम के दुखियारी सारी दुनिया
दाता एक राम ...
नाम का प्रकाश जब, अन्दर जगायेगा
प्यारे श्री राम का, तू दर्शन पायेगा
ज्योति से जिसकी, उजियारी सारी दुनिया
दाता एक राम ...